प्रेस नोट
थाना प्रेमनगर, जनपद-झाँसी

दिनांक- 03.04.2026

- **झाँसी पुलिस द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की सकुशल बरामदगी हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अंदर गुमशुदा युवक सकुशल बरामद,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में गुमशुदा/खोए हुए व्यक्तियों की सकुशल बरामदगी हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 03.04.2026 को थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत गुमशुदगी से संबंधित गुमशुदा युवक क्रिश राय पुत्र श्री शंकर राय नि0 कसाई बाबा मोहल्ला नैनागढ़ थाना प्रेमनगर झाँसी उम्र करीब 19 वर्ष को सूचना के 24 घण्टे के अंदर सकुशल बरामद करते हुए उसके परिवारीजन के सुपुर्द किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- आज दिनाँक 03.04.2026 को थाना स्थानीय पर आगन्तुक श्री शंकर राय पुत्र घासीराम निवासी कसाई बाबा मोहल्ला नैनागढ नगरा थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी ने थाना प्रेमनगर में लिखित प्रार्थना पत्र देकर सूचना दर्ज कराया कि 02.04.2026 को प्रातः 05.30 बजे उनका पुत्र क्रिश राय उम्र करीब 18 वर्ष 6 माह घर से पार्क में घूमने के लिये निकला लेकिन घर वापस नही आया। सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुये प्रार्थना पत्र के आधार पर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज की गयी। एवं उक्त गुमशुदा बालक की सकुशल बरामदगी हेतु एक टीम का गठन किया गया। उक्त गठित टीम द्वारा मार्गों पर लगे कई सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप उक्त गुमशदा बालक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

गुमशुदा युवक का विवरणः– क्रिश राय पुत्र श्री शंकर राय नि0 कसाई बाबा मोहल्ला नैनागढ़ थाना प्रेमनगर झाँसी उम्र करीब 19 वर्ष

1.

गुमशुदा को खोजने वाली टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री तुलसीराम पाण्डेय थाना प्रेमनगर झाँसी।
2. उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार थाना प्रेमनगर झाँसी।
3. का0 810 मुकेश कुमार थाना प्रेमनगर झाँसी।